Roll No. ......................

**1002**

# कक्षा 10वीं अर्द्ध वार्षिक परीक्षा, 2024-25

[401]

# HINDI

# हिन्दी

[Total No. of Questions: 23] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 75]

---

*निर्देश –*

*(I) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(II) प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।*

*(III) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उप–प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।*

*(Iv) प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक कुल 12 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द हैं।*

*(v) प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक कुल 3 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द हैं।*

*(vI) प्रश्न क्रमांक 21 से 23 तक कुल 3 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द हैं।*

*(vII) प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

www.rajeshsir.co.in

प्र.1 सही विकल्प का चयन कर लिखिए – (1×6=6)

(i) 'श्रृंगार काल' के नाम से भी जाना जाता है –

(अ) आदिकाल को

(ब) भक्तिकाल को

(स) रीतिकाल को

(द) आधुनिक काल को

(ii) 'उत्साह' कविता में आह्वान किया गया है –

(अ) वर्षा का

(ब) बादलों का

(स) बिजली का

(द) पक्षियों का

(iii) 'शोक' स्थायी भाव है –

(अ) करुण रस का

(ब) शान्त रस का

(स) रौद्र रस का

(द) भयानक रस का

(iv) पानवाला चश्मे वाले को समझता था –

(अ) परेशान

(ब) देशभक्त

(स) पागल

(द) बेकार

(v) एक से अधिक अर्थ देने वाले शब्द कहलाते हैं –

(अ) विपरीतार्थक शब्द

(ब) एकार्थी शब्द

(स) विलोम शब्द

(द) अनेकार्थी शब्द

(vi) 'माता का अँचल' कहानी में मृदंग बजते हैं –

(अ) जब बूढ़ों का संग होता है।

(ब) जब विद्वानों का संग होता है।

(स) जब लड़कों का संग होता है।

(द) जब एकांत होता है।

www.rajeshsir.co.in

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कर लिखिए – (1×6=6)

(i) गोपियाँ श्रीकृष्ण से अपना ............................................................वापस मांग रही हैं।

(प्रेम / मन)

(ii) श्रृंगार, करुण और शांत रसों में ..................................................गुण पाया जाता है।

(माधुर्य / ओज)

(iii) ''रमणीयार्थ प्रतिपादकः शब्दः काव्यं'' परिभाषा ..................................................की है।

(पं. जगन्नाथ / आचार्य विश्वनाथ)

(iv) तेरी गठरी में लागा चोर, ...............................................................................जाग ज़रा!

(राहगीर / मुसाफ़िर)

(v) 'नीरोग' में ...................................................संधि है। (स्वर / विसर्ग)

(vi) मधु कांकरिया के ड्राइवर का नाम ................................................................ था।

(जितेन नार्गे / जितेन्द्र मार्गे)

www.rajeshsir.co.in

प्र.3 निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए – (1×6=6)

(i) तुलसीदास की रचनाओं में प्रबंध और मुक्तक दोनों काव्यों का उत्कृष्ट रूप मिलता है।

(ii) चौपाई छन्द अर्द्ध सम मात्रिक छन्द है।

(iii) रिपोर्ताज मूल रूप से फ्रांसीसी भाषा का शब्द है।

(iv) लेखक कनखियों से नवाब साहब की ओर देख रहे थे।

(v) 'अशोक राजनगर में रहता है।' निषेधात्मक वाक्य का उदाहरण है।

(vi) कवि अज्ञेय ने हिरोशिमा कविता जापान में लिखी थी।

प्र.4 सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए – (1×6=6)

| | स्तम्भ (अ) | | स्तम्भ (ब) |
|---|---|---|---|
| (i) | अनिमेष | (क) | पुनरुक्ति प्रकाश अंलकार 3 |
| (ii) | आभ्यंतर | (ख) | पुरवाई 6 |
| (iii) | ललित ललित, काले घुँघराले | (ग) | काशी 4 |
| (iv) | संस्कृति की पाठशाला | (घ) | भीतर की 2 |
| (v) | शब्द शक्ति के भेद | (च) | बिना पलक झपकाए देखना। |
| (vi) | पूरब की ओर से बहने वाली हवा | (छ) | तीन 5 |

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए – (1×6=6)

(i) लेखक जयशंकर प्रसाद ने अपनी आत्मकथा को कैसा माना है? भोली भाली और सीधी स

(ii) संचारी भावों की संख्या कितनी मानी गई है? 33 33

(iii) लेखिका मन्नू भंडारी की माँ के स्वभाव की क्या विशेषता थी? धैर्यवान तथा सहनशील

(iv) किस समास में दोनों पद प्रधान होते हैं? द्वन्द्व समास

(v) एक कतार में लगी सफेद बौद्ध पताकाएँ किसका प्रतीक हैं? शांति और अहिंसा

(vi) हिन्दी का स्मरणशिल्प में लिखा गया पहला उपन्यास कौनसा माना जाता है? देहाती दुनिया

www.rajeshsir.co.in

प्र.6 रीतिकालीन कोई दो कवियों के नाम उनकी एक–एक रचना सहित लिखिए। (2)

**अथवा**

प्रगतिवाद की कोई दो विशेषताएँ/प्रवृत्तियाँ लिखिए।

प्र.7 जयशंकर प्रसाद **अथवा** तुलसीदास की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – (2)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भावपक्ष

प्र.8 गोपियों ने उद्धव से योग की शिक्षा कैसे लोगों को देने की बात कही है? (2)

**अथवा**

'राम–लक्ष्मण–परशुराम संवाद' पाठ के आधार पर परशुराम के स्वभाव की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

प्र.9 बच्चे की मुसकान और एक बड़े व्यक्ति की मुसकान की विशेषता लिखिए। (2)

**अथवा**

कवि निराला की आँख फागुन की सुन्दरता से क्यों नहीं हट रही है?

प्र.10 महाकाव्य की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। (2)

**अथवा**

छन्द किसे कहते हैं? मुख्य रूप से छन्द कितने प्रकार के होते हैं? नाम लिखिए।

प्र.11 अन्योक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

**अथवा**

शब्द गुण किसे कहते हैं? वे कितने प्रकार के होते हैं?

प्र.12 कहानी और उपन्यास में कोई दो अंतर लिखिए। (2)

**अथवा**

रेखाचित्र और संस्मरण में कोई दो अंतर लिखिए।

प्र.13 यशपाल **अथवा** मन्नू भंडारी की साहित्यिक विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – (2)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा–शैली

प्र.14 मूर्ति पर लगा सरकंडे का चश्मा क्या उम्मीद जगाता है? (2)

**अथवा**

'लखनवी अंदाज' पाठ के आधार पर लिखिए कि लेखक ने यात्रा करने के लिए सेकण्ड क्लास का टिकट क्यों खरीदा होगा?

प्र.15 मन्नु भंडारी के पिता के मुख पर गर्व और संतोष का क्या कारण था? (2)

**अथवा**

सुषिर वाद्यों से क्या अभिप्राय है? शहनाई को 'सुषिर–वाद्यों' में शाह की उपाधि क्यों दी गई है?

www.rajeshsir.co.in

(2)

प्र.16 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए –

(i) एक पंथ दो काज

(ii) फूला न समाना

**अथवा**

निम्नलिखित रेखांकित शब्दों में से क्रिया–विशेषण को पहचानकर उसका नाम लिखिए –

(i) हिरण तेज भागता है।

(ii) मेरे घर के सामने एक मन्दिर है।

प्र.17 'कवी–लोंग स्टॉक' में घूमते हुए चक्र को किस नाम से जाना जाता है? उसको घुमाने के पीछे क्या मान्यता प्रचलित है? (2)

**अथवा**

लेखक अज्ञेय ने अपने आपको हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता कब और किस तरह महसूस किया?

प्र.18 निम्नलिखित काव्यांश का सन्दर्भ–प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए – (3)

बादल, गरजो! –
घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ!
ललित ललित, काले घुँघराले,
बाल कल्पना के – से पाले,
विद्युत – छबि उर में, कवि, नवजीवन वाले!

**अथवा**

फसल क्या है?
और तो कुछ नहीं है वह
नदियों के पानी का जादू है वह
हाथों के स्पर्श की महिमा है।

www.rajeshsir.co.in

प्र.19 निम्नलिखित गद्यांश की सन्दर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए – (3)

खेती बारी करते, परिवार रखते भी, बालगोबिन भगत साधु थे – साधु की सब परिभाषाओं में खरे उतरने वाले। कबीर को 'साहब' मानते थे, उन्हीं के गीतों को गाते, उन्हीं के आदेशों पर चलते। कभी झूठ नहीं बोलते, खरा व्यवहार रखते।

**अथवा**

काशी आज भी संगीत के स्वर पर जगती और उसी की थापों पर सोती है। काशी में मरण भी मंगल माना गया है। काशी आनंद कानन है। सबसे बड़ी बात है कि काशी के पास उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ जैसे लय और सुर की तमीज़ सिखाने वाला नायाब हीरा रहा है जो हमेशा से दो कौमों को एक होने व आपस में भाई–चारे के साथ रहने की प्रेरणा देता रहा है।

प्र.20 जल के अपव्यय को रोकने हेतु एक विज्ञापन बनाकर लिखिए। (3)

**अथवा**

जीवन के लक्ष्य को लेकर दो मित्रों के मध्य संवाद लिखिए।

प्र.21 निम्नलिखित अपठित काव्यांश अथवा गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (4)

हँस लो दो क्षण खुशी मिली,
वरना जीवन भर क्रंदन है।
किसका जीवन हँसी–खुशी में
इस दुनिया में रहकर बीता?
सदा–सर्वदा संघर्षों को
इस दुनिया में किसने जीता?
खिलता फूल म्लान हो जाता
हँसता रोता चमन–चमन है।

प्रश्न –

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(ii) प्रस्तुत काव्यांश में मनुष्य को क्या संदेश दिया गया है?

(iii) प्रस्तुत काव्यांश का मूलभाव लिखिए।



www.rajeshsir.co.in

**अथवा**

संस्कार की शिक्षा है। शिक्षा इन्सान को इन्सान बनाती है। आज के भौतिकवादी युग में शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य सुख पाना रह गया है। अंग्रेजों ने इस देश में अपना शासन व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए ऐसी शिक्षा को उचित समझा, किन्तु यह विचारधारा हमारी मान्यता के विपरीत है। आज की शिक्षा प्रणाली एकाकी है, उसमें व्यावहारिकता का अभाव है। शिक्षा केवल नौकरी के लिए नहीं, जीवन को सही दिशा प्रदान करने के लिए होती है।

**प्रश्न –**

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) आज की शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य क्या है?

(iii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

प्र.22 वॉर्ड में व्याप्त गंदगी को दूर करवाने का निवेदन करते हुए अपने शहर के नगरपालिका अधिकारी को आवेदन–पत्र लिखिए। (4)

**अथवा**

हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अपने छोटे भाई/बहन से विषय चयन के बारे में जानकारी लेते हुए पत्र लिखिए।

प्र.23 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित सारगर्भित निबन्ध लिखिए – (4)

(i) जीवन में खेलों का महत्त्व

(ii) विद्यार्थी जीवन और अनुशासन

(iii) स्वच्छ भारत अभियान

(iv) मेरे सपनों का भारत

(v) कंप्यूटर : महत्त्व एवं उपयोगिता

---

www.rajeshsir.co.in